


# पिलखा भूमि



PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305

ईमेलः–manishvaidy538@gmail.com

वर्ष 01 अंक 10 संजयनगर ( जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक जुलाई 2025 पृष्ठ 8 मूल्य 5







## छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय के साथ सभी प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में सम्मलित हुवे

## महिला और बाल विकास के क्षेत्र में योजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा

### केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर का रायपुर प्रवास

पिलखा भूमि ▸▸ संपादक . मनीष वैध





रायपुर, 29 जून 2025 भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर आज एकदिवसीय रायपुर प्रवास पर रहीं। उनके इस दौरे में छत्तीसगढ़ राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की विशेष सहभागिता रही। प्रवास के दौरान मंत्री ठाकुर ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए राज्य में महिला और बाल कल्याण के कार्यों की स्थिति का अवलोकन किया।

रायपुर स्थित पहुना भवन में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और राज्य मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के बीच सौजन्य भेंट हुई। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों के बीच केंद्र और राज्य सरकार की सम. न्वित योजनाओं, खासकर महिला सश. क्तिकरण, बाल अधिकारों की सुरक्षा, और पोषण अभियान की प्रगति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

इसके उपरांत, मंत्री द्वय ने मौल विहार जाकर निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री

केदार कश्यप भी उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने खम्हारडीह स्थित शासकीय बालिका गृह एवं शासकीय नारी निकेतन का निरीक्षण भी किया। राज्य मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, छत्तीसगढ़ राज्य बाल आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों और महिलाओं से संवाद कर उनके रहन–सहन, सुरक्षा, और सुविधाओं की जानकारी ली तथा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

## हत्या एवं लूट का आरोपी गिरफ्तार

पिलखा भूमि ▸▸ राहुल वैद्य



प्रार्थी भानु नागवंशी साकिन गेरसा टोंगरीपारा थाना सीतापुर का दिनांक 08–05–25 को चौकी केरजू आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी भानु नागवंशी की दादी तिलासो बाई दिनांक 08–05–25 के सुबह लगभग 04–05 बजे प्रार्थी एवं अन्य ला. `गो के घर आकर बताई कि दिनांक 07–05–25 के रात्रि मे दादी तिलासो और उसका लड़का रैदु नागवंशी घर में सोये थे कि दिनांक 08–05–25 के रात्रि करीब एक–डेढ़ बजे 03–04 अज्ञात व्यक्ति घर के सामने का लकडी के दरवाजा को लात मार कर तोड़कर घर अन्दर घुसकर जबरन घर के अन्दर से बकरियों को लूट कर जे जा रहे थे जिसका विरोध करने पर उक्त अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लड़का रैदु नागवंशी के सिर में डण्डा एवं लकड़ी का फाड़ी से मारकर गंभीर चोट कारित कर हत्या कर दिये है घटना को तिलासो देखी है। घटना के दौरान बीच बचाव करने पर आरोपियों द्वारा तिलासो कों सिर व पैर में डण्डा से मारपीट कर चोट पहुंचाये है और घर के अन्दर रखें बकरियों में से करीब 04–05 बकरियों को जबरन बल पुर्वक लूट कर ले गये है जिसकी कीमत करीबन 100000– रूपये होगा। सुबह आस पड़ोस के लोग रैदू नागवंशी के घर जाकर देखे तो रैदू नागवंशी मृत हालत में जमीन पर पड़ा था। मामले मे प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध चौकी केरजू थाना सीतापुर मे अपराध क्रमांक 177–25 धारा 103(1), 309, 332, 115(2), 3(5) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

▸▸ मामले कों संज्ञान मे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा पुलिस टीम कों मामले मे सख्ती से कार्यवाही कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम मे पुलिस टीम द्वारा दौरान विवेचना घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले मे शामिल आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था, दौरान पता तलाश पुलिस टीम कों थाना कोतवाली जिला जशपुर से सूचना प्राप्त हुआ कि थाना कोतवाली जिला जशपुर के अपराध क्रमांक 105–25 धारा 303 (2) बीएनएस के आरोपी मोहम्मद चाँद आत्मज मो. अहमद अंसारी उम्र 24 वर्ष साकिन बिमड़ा थाना बगीचा जिला जशपुर से पुछताछ के दौरान बताया कि थाना तपकरा में वर्ष 2023 में बैटरी चोरी के मामले में पकडे जाने पर अपने साथियो के साथ जेल गया था, जेल से छूटने के बाद मोहम्मद चाँद अपने आ. र्टिका कार क्रमांक सीजी–11–एम–2651 को स्वयं बुकिंग लेकर चलाता था, पिछले महिना मई माह में अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर रात्रि में बकरी चोरी करने के लिये आर्टिका कार क्रमांक सीजी–11–एमए–2651 से ग्राम गेरसा सीतापुर गये थे जहां घर का एक लडका जग गया तब आरा. `पी एवं उसके साथीगण डर गये और पकडे जाने से बचने के लिए मौके पर रखे लकडी की फाड़ी एवं डण्डा से रैदू नागवंशी कों मारपीट कर मौके से बकरी लेकर आपनी आ. र्टिका वाहन मे भरकर भाग जाना बताया है, आरोपी का आ. र्टिका कार क्रमांक सीजी–11–एमए–2651 थाना कोतवाली जिला जशपुर के प्रकरण मे जप्त है। आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं, मामले मे शामिल अन्य आरोपी घटना दिनांक से फरार है, जिनका पता तलाश किया जा रहा है, फरार आरोपियों कों शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायगा।

▸▸ सम्पूर्ण कार्यवाही के थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक गौरव कुमार पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक रामकरण राजवाड़े, आरक्षक निर्मल यादव, धन्यकेश्वर यादव, सैनिक विनायक लकड़ा, रमेश विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

## मंत्री रामविचार नेताम ने केन्द्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नागपुर में की सौजन्य मुलाकात

### बलरामपुर शहर में 10 किलोमीटर फोरलेन बायपास मार्ग बनाने दिया प्रस्ताव

पिलखा भूमि ▸▸ समृद्ध मंडल



बलरामपुर 30 जून 2025–छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि विकास एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने आज नाग. पुर, महाराष्ट्र में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य मुलाकात की। मंत्री नेताम ने इस दौरान बताया कि निर्माणाधीन अम्बिकापुर–रामानुजगंज–गढ़वा राष्ट्रीय रा. जमार्ग कमांक–343 में कॉरीडोर योजना के लिए 397.44 करोड़ रुपये एवं 199.05 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

मंत्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री गड़करी से आग्रह करते हुए कहा कि यह मार्ग अम्बिक. ापुर से रामानुजगंज होते हुए झारखण्ड को जोड़ने वाला अंतर्राज्यीय मुख्य मार्ग है। इस मार्ग से यात्री बसें, व्यावसायिक वाहन एवं आमजनों के आवागमन अधिक होने के साथ–साथ अति विशिष्टजनों का आवागमन भी होता है। इसी मार्ग पर बलरामपुर शहरी भाग स्थित है, जो कि जिला मुख्यालय है, जिसके दोनों ओर व्यवसायिक एवं आवासीय बसाहट है। सभी छोटे अथवा भारी वाहनों का आवागमन वर्तमान में शहरी क्षेत्र से होने के कारण आये दिन माल वाहकों से जाम की स्थिति एवं दुर्घटनाएं होती रहती है।

मंत्री नेताम ने बताया कि बलरामपुर शहरी क्षेत्र में आवागमन में होने वाली असुविधा को देखते हुए फोरलेन बायपास मार्ग अनुमानित लम्बाई 10 किलोमीटर की अत्यधिक आवश्यकता है। इसके निर्माण से आम नागरिकों के सुचारू आवागमन के साथ–साथ अन्तर्राज्यीय व्यवसाय एवं राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।

मंत्री नेताम ने केन्द्रीय मंत्री से बलरामपुर बायपास की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। इसके लिए जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के निवासी आपका हृदय से आभारी रहेंगे। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि भारत सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग भारत माला परियोजना के तहत दक्षिण छत्तीसगढ़ रायपुर से विशाखापट्टनम मार्ग का कार्य पूर्णता पर है। इससे प्रदेश के नागरिकों को सीधे दक्षिण भारत एवं महाराष्ट्र मुंबई की बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी तर्ज पर भारत माला परियोजना के तहत उत्तर छत्तीसगढ़ को जोड़ते हुए रायपुर–बिलासपुर–अम्बिकापुर से वाड्रफनगर होते हुए बनारस (वाराणसी) तक रोड के बन जाने से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नागरिकों को उत्तर दक्षिण एवं पूर्व पश्चिम के सभी महानगरों से बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त हो जाएगी। मंत्री नेताम ने केन्द्रीय मंत्री गडकारी से रायपुर–बनारस (वाराणसी) मार्ग को भारत माला परियोजना के तहत शामिल कर स्वीकृति प्रदान करने का अग्राह किया।




## सूरजपुर पुलिस के अधिकारी व जवान रात्रि गश्त में बड़ी संख्या में एक साथ उतरे सड़कों पर, 203 संदिग्धों को चेक किया, 28 को थाना पकड़कर लाया और कड़ी चेतावनी देकर छोड़ा, 68 निगरानी व गुण्डे बदमाशों को अपराध से दूर रहने दी गई कड़ी हिदायत।

पिलखा भूमि ▸▸संपादक . मनीष वैध

सूरजपुर पुलिस की सशक्त रात्रि गश्त का असर नजर आने लगा है। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 203 संदिग्धों–सजायात व्यक्तियों को चेक किया, 28 की धरपकड़ कर थाना लाया और कड़ी पूछताछ कर छोड़ा गया तथा 68 निगरानी, गुण्डा व माफी बदमाशों की चेकिंग कर उन्हें सख्त लहजे में अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई।

अपराधों की रोकथाम, आम. जनों की सुरक्षा, शांती एवं कानून व्यवस्था को पुख्ता रखने, अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हेतु रात्रि गश्त का सशक्त तौर पर करने के सख्त निर्देश डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों को दिए थे।



शनिवार, 28–29.06.2025 की दरम्यानी रात्रि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में सूरजपुर क्षेत्र में सीएसपी एस.एस. पैंकरा, अनुभाग प्रेमनगर क्षेत्र में एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, अनुभाग ओड़गी क्षेत्र में एसडीओपी राजेश जोशी, अनुभाग प्रतापपुर में एसडीओपी सौरभ उईके, भटगांव क्षेत्र में डीएसपी रितेश चौधरी, विश्रामपुर क्षेत्र में एसडीओपी अभिषेक पैंकरा व डीएसपी अनूप एक्का के नेतृत्व में सभी थाना–चौकी प्रभारी व पुलिस लाईन के 350 से अधिक अधिकारी व जवानों ने रात्रि गश्त किया।

इस दौरान जिलेभर में गश्त कर दबिश देकर 203 संदिग्धोंध्सजायात को चेक किया गया, 28 लोगों को पकड़कर थाना लाया गया, सख्ती से पूछताछ के बाद इन्हें कड़ी चेतावनी के बाद छोड़ा गया, रात्रि में 45 घुमते हुए पाए गए लोगों की भी सघन पूछताछ कर जांच की गई।

रात्रि गश्त में 68 निगरानी, माफी व गुण्डा बदमाश को चेक करने पर यह सभी अपने घर पर मिले जिन्हें अपराध से दूर रहने की कड़ी हिदायत दी गई और उनके मोबाईल नंबर की जानकारी लेते हुए जीवन यापन के कार्यो की बारीकी से जानकारी ली गई। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीमों के द्वारा विद्यालय परिसर, जिला चिकित्सालय और बस स्टैण्ड, बैंक एवं एटीएम की आक. स्मिक जांच की गई। शहर के चौक–चौराहों पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग की गई।

## उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु आधार ऑपरेटर प्रियंका सिंह को मिला एक्सीलेंस अवॉर्ड



पिलखा भूमि ▸▸ समृद्ध मंडल

बलरामपुर 23 जून 2025–डिजिटल इंडिया अभियान को और अधिक सशक्त बनाने तथा आधार के व्यापक उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ''डिराइविंग मैक्सिमम इंपेक्ट आउट ऑफ आधार'' विषय पर यूआ. ईडीएआई रीजनल ऑफिस हैदराबाद के द्वारा वर्कशॉप का आयोजन रायपुर न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन में किया गया। जिसमें यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार, डीडीजी पी संगीता, प्रिंसिपल सेक्रेटरी ऑफ ई एंड आईटी गवर्नमेंट ऑफ छत्तीसगढ़ निहा. रिका बारिक के द्वारा आधार के माध्यम से डिजिटल इंडिया के सपने को साकार कर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ एवं भविष्य में किए जाने वाले नए–नए इनोवेशन के बारे में बताया गया। जिससे आधार के माध्यम से आम नागरिकों को डिजिटल माध्यम से सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में सी. ईओ कुमार ,डीडीजी संगीता के द्वारा जिला बलरामपुर–रामानुजगंज की आधार ऑपरेटर प्रियंका सिंह को बेस्ट परफॉर्मिंग ऑपरेटर इन आधार इनरोलमेंट एंड अपडेट सर्विस इन छत्तीसगढ़ स्टेट के लिए एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया ।

## सीएम कैंप कार्यालय में दिव्यांग प्रदीप को मिली बैटरी चलित ट्राई सायकल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया धन्यवाद

▸▸सीएम कैंप कार्यालय में दिव्यांग प्रदीप को मिली बैटरी चलित ट्राई सायकल

▸▸मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया धन्यवाद

पिलखा भूमि ▸▸ राहुल वैद्य

जशपुर 2 जून 2025 ट्राइसाइकिल पाकर दिव्यांग प्रदीप श्रीवास की खुशी बता रही है जैसे जीवन में उन्हें एक नया सहारा मिल गया है। अब वे अपने कुछ कामों को खुद से अंजाम दे सकते हैं। प्रदीप दोनों पैरों से चलने–फिरने में असमर्थ थे। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले फरसाबहार निवासी प्रदीप को इससे उनके समान्य दिनचर्या में भी काफी कठिनाईयों को सामना करना पड़ता था। उन्होंने अपनी परेशानियों का जिक्र करते हुए मदद के लिए सीएम कैम्प कार्यालय में आवेदन दिया।




मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आज उन्हें बैटरी चलित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। ट्राइसाइकिल पाकर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सीएम कैंप कार्यालय का आभार व्यक्त किया है। सीएम कैंप कार्यालय बगिया मानवीय संवेदनाओं का केंद्र बन गया हैं। कैंप कार्यालय शासन की योजनाओं का आम जनता को लाभ दिलाने में अपनी सक्रिय भ. ूमिका निभाने के साथ ही असहाय, पीड़ितों और जरूरतमंदों को हर संभव मदद करने प्रयासरत है, ताकि समाज के हर वर्ग को न्याय मिल सके।

## जनसहयोग से ही साकार होगा जल संरक्षण का संकल्परू- सांसद महाराज

▸▸मोर गांव मोर अभियान अंतर्गत जल संरक्षण की पहल

▸▸सासंद चिंतामणि महाराज ने श्रमदान कर जल संरक्षण का दिया संदेश



पिलखा भूमि ▸▸ समृद्ध मंडल

बलरामपुर, 30 जून 2025 राज्य शासन के द्वारा जल संरक्षण के लिए प्रारंभ की गई महत्त्वाकांक्षी पहल "मोर गांव मोर पानी" अभियान के तहत जल संरक्षण सप्ताह का आयोजन 30 जून से 7 जुलाई 2025 तक किया जा रहा है। जिले में इस अभियान की औपचारिक शुरुआत सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने बलरामपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जतरो में की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही राजेश्वरी देवी के घर पहुंचकर श्रमदान कर सोख्ता गड्ढा खोदा और ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

ग्राम पंचायत जतरो में आयोजित जल संरक्षण सप्ताह कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि जल ही जीवन है और यह कहना गलत नहीं होगा कि जल के बिना जीवन अधूरा है। पानी सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं, बल्कि हर जीव के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की जरूरत है। सरकार "मोर गांव मोर पानी" अभियान के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन यह प्रयास तभी सफल होगा जब हर ग्रामीण इसमें अपनी भागीदारी निभायेंगे। सांसद श्री महाराज ने कहा कि जैसे बूंद–बूंद से घड़ा भरता है, वैसे ही हमारे छोटे–छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के कुछ क्षेत्रों में भूजल स्तर गिरता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील किया कि वे जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझें और अपने घरों में श्रमदान कर सोख्ता गड्ढे बनाएं, ताकि वर्षा जल को रोका जा सके और जल स्तर को सुधारा जा सके।

### हर विकासखंड में 20 हजार सोख्ता गड्ढों का लक्ष्य

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में 20 हजार सोख्ता गड्ढों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्य जनभागीदारी के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, मनरेगा श्रमिक, स्व–सहायता समूह की महिलाएं, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक सक्रिय रूप से भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि गड्ढे निर्माण के साथ–साथ हर हितग्राही को एक पौधा लगाने और उसकी देखरेख करने की जिम्मेदारी दी जा रही है, ताकि जल संरक्षण के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। अभियान का मूल मंत्र है "घर का पानी घर में, गांव का पानी गांव में" के माध्यम से वर्षा जल को रोकने, भूजल स्तर को बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि ''मोर गांव मोर पानी'' अभियान अंतर्गत गांव–गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हर पंचायत में श्रमदान, रैली, दीवार लेखन, पौधारोपण और शपथ जैसे आयोजन किए जाएंगे।

### सांसद ने किया पौधरोपण और बीज वितरण

कार्यक्रम के अंत में सांसद चिंतामणि महराज एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर ने ग्रामीणों को पौधा और बीज का वितरण भी किया और सभी से आग्रह किया कि वे एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाकर लगाकर उसकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की यह पहल केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि समाज का साझा उत्तरदायित्व है।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन जल संरक्षण सप्ताह को पूर्ण सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस अभियान को केवल एक कार्यक्रम न मानकर जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। सभी विकासखंडों को निर्देशित किया गया है कि वे गांवों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और हर घर में सोख्ता गड्ढा निर्माण व वृक्षारोपण जैसे कार्यों को सुनिश्चित करें, जिससे यह अभियान गांव–गांव में स्थायी जागरूकता और स्वानुशासन की मिसाल बन सके।

इस अवसर पर जनपद पंचायत बलरामपुर की अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, ग्राम पंचायत जतरो के सरपंच जीत नाग, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आनंद राम नेताम, जनपद सीईओ दीपराज कांत सहित गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## गर्मी के मौसम में धान की खेती करने वाले किसान मालती ने मक्का फसल की खेती से कमाएं दुगुना मुनाफा



▸▸गर्मी के मौसम में धान की खेती करने वाले किसान मालती ने मक्का फसल की खेती से कमाएं दुगुना मुनाफा

पिलखा भूमि ▸▸ राहुल वैद्य

जशपुर 22 जून 2025६ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में जल संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित है। जिसका फायदा पत. थलगांव विकासखण्ड के ग्राम काडरो के कृ षक श्री मालती मोहन उठा रहे हैं। पहले ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने वाले कृषक मालती ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन से इस बार 2 एकड़ की भूमि में मक्का फसल की खेती की। जिससे उनको 88,200 रूपये की शुद्व आमदनी प्राप्त हुई। जो कि धान फसल की तुलना में दोगुनी थी।

किसान मालती मोहन ने बताया कि विभाग से संपर्क कर मक्का फसल लेकर खेतों में लगाया एवं उत्पादन पर कुल 11,800 रुपये का खर्च आया, जिसमें खाद, बीज एवं अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं। मक्का की बिक्री से 1 लाख रुपये की आमदनी हुई, जिससे उन्हें 88,200 रू. की शुद्व मुनाफा मिला। इसके विपरीत गर्मी के मौसम में धान की खेती में ज्यादा लागत और पानी भी अधिक लगता है जिसकी तुलना में लाभ भी कम होता है।

कृषक मालती मोहन ने मुख्यमंत्री साय और जिला प्रशासन की सराहना करते हुए धान के स्थान पर अन्य फसलों की खेती के लिए प्रेरित हुए हैं। जिसका फायदा उन्हे मिला। साथ ही इनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई और जल सरंक्षण से पर्यावरण सरंक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## महतारी वंदन योजना की 17वीं किश्त के तहत 647 करोड़ रुपये हितग्राहियों के खातों में अंतरित

पिलखा भूमि ▸▸रायपुर,

01 जुलाई 2025 छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आज एक तारीख को माह जुलाई 2025 की सत्रहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.23 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 647.66 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है।




गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 17 महीनों में 11081.68 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता म. हिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

योजना से होने वाले भुगतान एवं अन्य जानकारी से अवगत होने के लिए महतारी वंदन योजना के पोर्टल https:@@mahtarivan-dan&cgstate&gov&in अथवा महतारी वंदन योजना का मोबाईल ऐप भी है जिसे हितग्राही प्लेस्टोर से डाउनलोड कर अपनी जानकारी देख सकते हैं। यदि कोई आवेदिका इस सहायता राशि का लाभ नहीं लेना चाहती है, अर्थात् लाभ त्याग करना चाहती है तो वे पोर्टल में लाभ त्याग के ऑप्शन में जाकर लाभ त्याग कर सकती है।

महतारी वंदन योजनांतर्गत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। जिन हितग्राहियों का खाता डीबीटी इनेबल नहीं है वे तत्काल बैंक जाकर आधार सीडिंग करवायें क्योंकि उनको भुगतान किये जाने पर राशि वापस हो जा रही है तथा इस हेतु उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचित भी किया गया है। यदि किसी हितग्राही को किसी प्रकार की शिकायत हो तो इस पोर्टल में शिकायत करें ऑप्शन में जाकर अपनी समस्या ऑनलाईन दर्ज कर सकती है।

आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं, ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है। कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाण–पत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किश्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।



# ’ चोरी के मामलो मे सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही, 03 शातिर आरोपियों से 06 लाख का मशरूका किया गया जप्त



पिलखा भूमि ▸▸संपादक . मनीष वैध

प्रार्थिया शांता गढावा साकिन बाबुपारा गौरवपथ रोड थाना मणिपुर द्वारा दिनांक 20–06–25 कों थाना मणिपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया एवं उसका परिवार कप प्लेट बेचने का काम करते हैं कि दिनाक 14–06–25 के रात्रि मे अपने बुलेट मोटरसायकल क्रमांक सीजी–15–ई बी–0855 को घर के अन्दर खड़ी कर दरवाजा में ताला लगाकर परिवार के सभी सदस्य उड़ीसा मेला मे कप प्लेट बेचने चले गये थे, कि दिनांक 20–06–25 के दोपहर मे घर वापस आकर देखे तो घर का ताला टुटा हुआ था तब प्रार्थिया एवं अन्य सदस्य घर के अंदर जाकर देखे तो समान बिखरा बड़ा था अलमारी टुटा हुआ मिला, जो अलमारी मे रखा पुराना एक जोड़ी सोने का टप्स, दो जोडी चांदी का कंगन, नगदी 80000– रुपये तथा घर अंदर खड़ा किया हुआ बुलेट क्रमांक **CG-15-EB-0855** नहीं था जो कोई अज्ञात चोर प्रार्थिया के घर के ताला तोड़कर घर में घुसकर चोरी कर ले गया है, मामले मे प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना मणिपुर मे आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 183–25 धारा 331–4–, 305–ए– बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

मामले कों संज्ञान में लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल –भा.पु.से.– द्वारा जिले के सभी थाना–चौकी प्रभारियों कों अपने अपने थाना–चौकी छेत्र अंतर्गत चोरी के मामलो मे सख्ती से कार्यवाही कर मामले के आरोपियों कों शीघ्र गिरफ्तार किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम मे थाना मणिपुर पुलिस टीम द्वारा मामले मे अग्रिम जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रकरण में चोरी गई संपत्ति का पता तलाश दौरान पुलिस टीम कों सूचना मिला कि साकिर अंसारी व प्रकाश पनिका एक बुलेट वाहन बेचने हेतु गांधीनगर क्षेत्र मे ग्राहक खोज रहे है कि सूचना पर पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर रवाना होकर दोनो संदिग्ध युवक साकिर अंसारी व प्रकाश पनिका को पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम –01–साकिर अंसारी आत्मज सत्तार अंसारी उम्र 22 वर्ष साकिन कुसमी बलरामपुर, हा.मु. भगवानपुर थाना गाधीनगर –02– प्रकाश पनिका आत्मज पप्पू पनिका उम्र 24 वर्ष साकिन बैकुण्ठपुर धौराटिकरा थाना बैकुण्ठपुर हा.मु. भगवानपुर थाना गांधीनगर का होंना बताये, आरोपियों से अग्रिम पूछताछ एवं निशानदेही पर आरोपियों के किराये के रूम से बुलेट मोटरसायकल एवं नीले रंग का पल्सर मोटरसायकल, सोना चांदी व बैग, एम्पलीफायर जप्त किया गया है, पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर बताये कि दिनांक 14–06–25 के रात्रि में आरोपीगण भगवानपुर दास कालोनी के तरफ एक घर का ताला तोडकर घर के अन्दर से पल्सर एनएस 160 मोटर सायकिल कमांक सीजी–15–डीजेड– 0842 को चोरी किये थे, उसके बाद दिनांक 19–06–25 के रात में चोरी के पल्सर मोटर सायकिल से बस स्टैण्ड अम्बिकापुर संजीवनी अस्पताल के सामने अम्बिकापुर बाबूपारा स्थित प्रार्थिया के सुने मकान का ताला तोड़कर घर में घुसकर अलमारी से सोना जैसा रंग का टप व चांदी जैसा समान व कपड़ा, बैग व कंगन तथा घर मे ही खड़ी बुलेट मोटरसायकल क्रमांक **CG-15-EB-0855** कों आरोपीगण मिलकर चोरी करना बताये है, कि दिनांक 22–06–25 को आरोपीगण कुसमी से वापस अम्बिकापुर आते समय शंकरगढ़ के पास से एक पल्सर मोटर सायकिल कमांक सीजी–15–डीएफ–8109 को डायरेक्ट कर चोरी करना भी बताये है, घटना कारित करने पश्चात आरोपीगण अपने पूर्व परिचित युवक प्रिंस सोनी निवासी गढवा से मिलकर पल्सर मोटरसायकल एवं चार नग सोना जैसा कंगन को 5000– रूपये में बेचना बताये है।

आरोपियों के निशानदेही पर मामले मे शामिल खरीददार आरोपी प्रिंस सोनी साकिन गढ़वा झारखण्ड कों पकड़कर हिरासत मे लेकर पकजताच किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम (03)प्रिंस सोनी उर्फ मोहन सोनी आत्मज सुरेश प्रसाद सोनी उम्र 30 वर्ष टंडवा गढ़वा –झारखण्ड– का होना बताया, पुलिस टीम द्वारा खरीददार आरोपी के कब्जे से मोटर सायकल पल्सर एवं 04 नग सोने जैसा कंगन बरामद किया गया है। प्रकरण मे खरीददार आरोपी प्रिंस सोनी द्वारा चुराई हुई सपत्ति को बेईमानी से खरीदना का अपराध घटित करना पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी के विरूद्ध धारा 317–2 बीएनएस जोड़ी गयी है आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपियों कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है, थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मोटरसायकल चोरी के मामले मे आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 361–25 धारा 331–4–, 305 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों कों न्यायिक रिमांड मे भेजा गया है, थाना शंकरगढ़ जिला बलरामपुर के अपराध क्रमांक 87–25 धारा 303–2– बी.एन.एस. मे थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी साकिर बेहद ही शातिर एवं आदतन अपराधी किस्म का युवक है जिसके विरुद्ध थाना शंकरगढ़ मे कई चोरी के आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी मणिपुर निरीक्षक अश्वनी सिंह, सहायक उप निरीक्षक अनिल पांडे, सहायक उप निरीक्षक शौकी लाल राज, आरक्षक उमाशंकर साहू, कुश सोनी, अनिल सिंह, थाना गांधीनगर से महिला प्रधान आरक्षक मेविश ज्योत. सना खाखा, आरक्षक बृजेश राय, सत्यम सिंह, साइबर सेल से आरक्षक विकास मिश्रा, रमेश राजवाड़े सक्रिय रहे।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को दी श्रद्धांजलि

### मुख्यमंत्री ने शोक–संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की

पिलखा भूमि ▸▸संपादक . मनीष वैध



26 जून 2025 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के निवास पर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक–संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उप. स्थित थे।

## नशे के खिलाफ सूरजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 24 लाख कीमत के गांजा सहित 2 गिरफ्तार, परिवहन में प्रयुक्त वाहन भी जप्त।




पिलखा भूमि ▸▸संपादक . मनीष वैध

सूरजपुर। जिले में पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब 24 लाख रुपये कीमत का 80 किग्रा गांजा और परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जब्त किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना–चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए है जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है और लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है।

डीआईजी–एसएसपी सूरजपुर ने जिले के थाना प्रभारियों को वाहन चेकिंग कर संदिग्धों की जांच करने के निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में दिनांक 22.06.2025 को थाना जयनगर पुलिस ग्राम जमदेई में वाहन चेकिंग कर रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान लखनपुर की ओर से एक बोलेरो वाहन आते दिखा जो पुलिस चेकिंग को देखकर वाहन मोडकर भागने का प्रयास करने लगा, पुलिस टीम के द्वारा पीछा किए जाने पर 1 व्यक्ति वाहन से निकलकर भाग निकला। बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 3785 से 2 व्यक्ति ओमप्रकाश बसोर पिता फुलचंद राम उम्र 24 वर्ष ग्राम बगदरी, थाना लखनपुर हाल मुकाम ग्राम चांदो, थाना लखनपुर एवं मोतीलाल बसोर पिता बुद्धूराम उम्र 40 वर्ष ग्राम चांदो, थाना लखनपुर को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 80 किलो गांजा बरामद किया गया। जप्त गांजा की कीमत करीब 24 लाख रूपये है। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जप्त कर धारा 20(बी)(2)(सी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वही फरार 1 आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर नरेन्द्र सिंह, एएसआई सोहन सिंह, विशाल मिश्रा, प्रधान आरक्षक मुकेश्वर वर्मा, आरक्षक सुरेश साहू, विकास मिश्रा, रवि राजवाड़े, सैनिक मुजाहिद हुसैन, जहांगीर आलम, नोहर साय राजवाड़े सक्रिय रहे।

## कन्हैया लाल उसेंडी द्वारा बंगाली समाज को क्रिमिनल शब्द कहे जाने पर भड़के बंग समाज

पिलखा भूमि ▸▸सूरजपुर



कांकेर जिले के पखांजूर में कन्हैया लाल उसेंडी द्वारा प्रेस कॉफ्रेंस कर छत्तीसगढ़ में निवासरत बंगाली समाज के लोगों के लिए अपराधी ( क्रिमिनल) शब्द का प्रयोग कर प्रदेश में निवासरत बंग समाज के लोगों को अपमानित करने का प्रयास किया गया है।....

जिसमें छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति सूरजपुर के जिला अध्यक्ष पवन कुमार बर्मन के द्वारा प्रिंस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया कि किसी व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है कि किसी समाज को सामूहिक रूप से अपमानित करें। उनके वक्तव्य का बंग समाज घोर विरोध करता है और यदि सामूहिक रूप से कन्हैया लाल उसेंडी माफी नहीं मांगते तब उनके विरुद्ध उग्र और कानूकी कार्यवाही करने के लिए समाज बाध्य होगी।

छत्तीसगढ़ के उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक निवासरत बंग समाज के लोग अन्य सभी समाज के लोगों से आपस में समन्वय कर एक दूसरे का सहयोग कर रहे हैं।

इस तरह से एक व्यक्ति द्वारा बयानबाजी कर आपसी सद्भावना को खराब करने का प्रयास कर द्वेष फैलाया जा रहा है यदि ऐसा आगे भी होता रहेगा तो अन्य समाज के बीच आपस का मेल मिलाप व संबंध विपरीत हो सकता है इसलिए कन्हैया लाल उसेंडी के शीर्ष नेतृत्वगणों को उन पर कठोर सामाजिक कार्यवाही कर छत्तीसगढ़ के विकास में सभी समाज की सहभागिता की परंपरा को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए

## अवैध रेत पर अब तक की सबसे बडी कार्रवाई 26 हाईवा पकडाए

### बरसते पानी में हुई कठोर कार्रवाई
### सीधा संदेश–रेत का अवैध कारोबार बंद होने तक लगातार जारी रहेगी कार्रवाईयां

पिलखा भूमि ▸▸धमतरी

30 जून 2025 धमतरी जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज सुबह जिले में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते 26 हाईवा पकड़े गए हैं। बरसते पानी में खनिज, राजस्व तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई को जिले में अब तक की सबसे बड़ी और संगठित कार्रवाई बताया जा रहा है। जब्त किए गए सभी 26 हाईवा रूद्री स्थित कलेक्टोरेट परिसर में लाकर अभिरक्षा में रखे गए हैं।

आज सुबह भोयना, मथुराडीह और जंवरगांव मार्ग पर बरसात के मौसम का फायदा उठाते हुए बड़ी संख्या में अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर यह कारवाई की गई है। गिरते पानी में इन तीनों मार्गों पर जिला प्रशासन के स्क्वाड ने सड़क पर जांच अभियान शुरू किया। इस दौरान 18 हाईवा बिना वैध पिटपास के रेत परिवहन करते पाए गए। जांच के दौरान 8 हाईवा ओवरलोड रेत परिवहन करते हुए भी पकड़ाए। सड़क पर अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई होते देख अन्य वाहनों की भी लम्बी लाईन लगी, जिसे पुलिस बल के माध्यम से हटाया गया और यातायात सुगम किया गया। जब्त किए गए सभी हाईवा मौके से कलेक्टोरेट परिसर लाए गए और प्रशासन की अभिरक्षा में रखे गए। बीते 24 घंटे से जारी लगातार बारिश बावजूद अवैध रेत परिवहन पर की गई यह कार्रवाई जिले में नियम विरूद्ध गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंसा की नीति को दर्शाती है।

### कलेक्टर का सख्त संदेशः

कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण से जुड़ी किसी भी गतिविधि पर कठोरतम और निष्पक्ष कार्रवाई जारी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि "प्रशासन का उद्देश्य सिर्फ रेत माफियाओं पर शिकंजा कसना नहीं, बल्कि जिले में कानून का राज स्थापित करना है।" यह कार्रवाई धमतरी में खनिज कानूनों के क्रियान्वयन की दृढ़ता को दर्शाती है। कलेक्टर ने यह भी कहा है कि अवैध रेत परिवहन, अवैध भंडारण और अवैध खनन करने वाले रेत माफियाओं के विरूद्ध ऐसी कारवाईयां आगे भी जारी रहेंगी। इस संयुक्त अभियान में तहसीलदार अखिलेश देशलहरे, नायब तहसीलदार जितेंद्र डहरे, पटवारी विनोद पटेल, एएसआई रमेश साहू सहित पुलिस विभाग के 14 अन्य जवान शामिल रहे।

## राज्यपाल डेका ने मुख्य सचिव जैन को सेवानिवृत्ति पर दी शुभकामनाएं




पिलखा भूमि ▸▸रायपुर,

30 जून 2025 राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल डेका ने जैन के आज सेवानिवृत्त होने पर उन्हें उज्ज्वल भविष्य और सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल डेका ने मुख्य सचिव जैन को राजकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## जीवनोपयोगी ज्ञान से ही मिलेगी सच्ची सफलतारू मंत्री राजवाड़े

### सूरजपुर में राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन, नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



पिलखा भूमि ▸▸संपादक . मनीष वैध

26 जून 2025–छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के तिलसिवां ऑडिटोरियम में आज राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। उन्होंने माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित किया।

इस अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि, शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और जीवनोपयोगी कौशल भी उतना ही जरूरी हैं। आज का विद्यार्थी जितना अधिक सीखने को उत्सुक रहेगा, उसका भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा।उन्होंने बच्चों को स्कूल को एक मंदिर की तरह मानने और वहां से जीवन निर्माण की प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में बालवाड़ी से लेकर कक्षा 12वीं तक के 27 मेधावी विद्यार्थियों, 6 पालकों, 6 शिक्षकों तथा देहदान करने वाले सेवा निवृत्त शिक्षक श्री सुभाष पांडेय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 9वीं की 5 छात्राओं को साइकिल, और 10 दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक सामग्री भी वितरित की गई।

मंत्री राजवाड़े ने नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकें और गणवेश वितरित कर नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षक, पालक और प्रशासन के त्रिकोणीय सहयोग को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य बताया।

इस अवसर पर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृहमंत्री एवं वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, कलेक्टर एस. जयवर्धन, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल सिंह, सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जशपुर में भव्य योगाभ्यास कार्यम सम्पन्न,मुख्यमंत्री सहित समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने की सहभागिता





### योग: कर्मसु कौशलम्ष् के मंत्र के साथ हुआ प्रदेशभर में योग का उत्सव, थीम रही – ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य

पिलखा भूमि ▸▸जशपुर

21 जून 2025– 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ में उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय मुख्य आयोजन जशपुर के रणजीता स्टेडियम में संपन्न हुआ, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, एवं अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति में सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने योगाभ्यास में भाग लेते हुए योग को जन–जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि ष्योग सभी के लिए समान रूप से लाभकारी है दृ यह आचार, विचार और शरीर की शुद्धि का अद्भुत साधन है। योग न केवल स्वास्थ्य का, बल्कि संस्कृति, संतुलन और समर्पण का प्रतीक भी है।ष

इस वर्ष योग दिवस की थीम ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्यष रही, जो मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य को बल देती है। मंत्री राजवाड़े ने बताया कि इस बार का योग दिवस हरित योग पर केंद्रित है, जिसमें योग के साथ पौधरोपण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संदेश में कहा कि ष्योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक संतुलन का माध्यम है। स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव हैं, और योग इस दिशा में एक सशक्त कदम है।

कार्यक्रम में जशपुर नरेश रणविजय सिंह जूदेव, योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, तथा नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत समेत भाजपा पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में योगप्रेमी नागरिकों की सहभागिता रही।

पूरे प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर भी सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें आम नागरिकों, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का संगठनात्म कसंवादरू जनप्रति. निधियों और कार्यकर्ताओं के बीच घटा दूरी का अंतर




पिलखा भूमि ▸▸सूरजपुर

17 जून 2025– महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा प्रदेश भर में संगठन के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर कार्य संस्कृति को नई दिशा दी जा रही है। इसी क्रम में उन्होंने सूरजपुर जिले के लटोरी और जयनगर मंडलों का दौरा कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से व्यापक विचार–विमर्श किया।

मंत्री राजवाड़े ने संवाद के दौरान स्पष्ट किया कि संगठन और शासन के बीच की दूरी को समाप्त करने के लिए यह पहल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर जो भी महत्वपूर्ण सुझाव, प्रस्ताव या जनहित के कार्य सामने आ रहे हैं, उन्हें भविष्य की कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाएगा।

लटोरी मंडल के कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य किरण सिंह केराम, भाजपा मंडल अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद पैकरा, भाजपा युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष रविन्द्र भारती, महिला मोर्चा जिला महामंत्री नूतन विश्वास तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्रीय समस्याओं एवं योजनाओं की जमीनी स्थिति पर मंत्री को जानकारी दी।

जयनगर मंडल के कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, सूरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमंत बछाड़, जनपद सदस्य धनेश्वरी सिरदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवधन बिंझिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। मंत्री राजवाड़े ने प्रत्येक प्रतिनिधि से सुझाव प्राप्त कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विभागीय योजनाओं से जोड़ने का आश्वासन दिया।

### संगठन के साथ समन्वय को मिली मजबूती

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि संगठन और शासन के समन्वय से ही अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सकता है। इस प्रकार के संवाद कार्यक्रमों से न केवल योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन होता है, बल्कि आमजन की अपेक्षाओं को भी दिशा मिलती है।

## जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का किया गया आयोजन--शामिल हुए स्वास्थ्य एवं कषि मंत्री

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




पिलखा भूमि ▸▸ समृद्ध मंडल

बलरामपुर 21 जून 2025 शिक्षा का अधिकार केवल कानूनी अधिकार नहीं बल्की सामाजिक और राष्ट्रीय विकास की बुनियाद है, इन्हीं मूल विचार को साकार करने के लिए जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सरगुजा सांसद चिन्तामणी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनि निकुंज, उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा नेताम, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कृष्णा गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष बलरामपुर लोधी राम एक्का, रामानुजगंज रमन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर राज. ेन्द्र कटारा, जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर उपस्थित रहे। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों से संवाद करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाला प्रवेश उत्सव नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं का कार्यक्रम है। शिक्षा के महत्व को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने शिक्षकों–अभिभावकों के समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जागरूकता लाना है। ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। उन्होंने स्कूलों में नए छात्रों के स्वागत के साथ शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने शासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने राज्य शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण पहल की सराहना करते हुए बताया कि युक्तियुक्तकरण से अब एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। जिससे हर बच्चे को बेहतर शिक्षा मिलेगा। इस दौरान उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि नवप्रवेशी बच्चों के अभिभावक तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार विगत 16 जून 2025 से ही शाला प्रारंभ हो चुकी हैं। मंत्री नेताम ने अभिभावकों को भी संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए आप सभी अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में मेरिट सूची में आने वाले छात्र–छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने जिले का नाम रौशन करें, साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने को कहा।

सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के दो केबिनेट मंत्रियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्हा. ेने कहा कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से छोटे बच्चों का शाला प्रवेश कराया जा रहा है। उन्होंने शाला प्रवेशी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सांसद श्री महाराज ने कहा कि विद्या दुनिया का सर्वश्रेष्ठ धन है, जिसे जितना खर्च करें उतना ही बढ़ता है। उन्होंने इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को अंर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभक. ामनाएं दी।

कलेक्टर कटारा ने अतिथियों को अवगत कराते हुए कहा कि जिले में कुल 2029 शासकीय विद्यालय तथा 154 आश्रम–छात्रावास संचालित है। इस वर्ष नवप्रवेशित बच्चों की संख्या 8748 है एवं सभी विद्यालयों में प्रवेश प्रारंभ है। कक्षा 1 ली से 12वीं तक के कुल अध्ययनरत बच्चों की संख्या 158259 है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024–25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षाफल बेहतर रहा, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में कक्षा 10वीं में 2.75 तथा कक्षा 12वीं में 1.31 प्रतिशत की वृद्धि है। इस दौरान कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने स्वास्थ्य मंत्री एवं सरगुजा सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर नवप्रवेशित बच्चों को बैग, पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरीत की गई। जिले के 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं के 10 बालिकाओं को साइकिल प्रदान किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राएं, अभिभावक सहित शिक्षक एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की नई रेखारू अंतिम चरण में रेल सर्वे

➯कोठागुडेमदृकिरंदुल रेललाइन सर्वे को मिली रफ्ताररूलिडार तकनीक से हो रहा सर्वे

➯सुकमा–दंतेवाड़ा–बीजापुर जिलों को मिलेगी रेल कनेक्टिविटी

पिलखा भूमि ▸▸रायपुर




26 जून 2025 देश के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में से एक दृ बस्तर अंचल दृ में विकास की गाड़ी अब तेजी पकड़ रही है। कोठागुडेम (तेलंगाना) से कि. रंदुल (छत्तीसगढ़) तक प्रस्तावित 160.33 किमी लंबी नई रेललाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे–FLS कार्य को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सर्वे अब अंतिम चरण में है।इस प्रस्तावित रेललाइन का 138.51 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगा, जो अब तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे हैं। यह परियोजना न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि इन जिलों के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

रेलवे द्वारा अत्याधुनिक लिडार तकनीक के माध्यम से सर्वे कार्य किया जा रहा है। यह रेललाइन परियोजना गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से मॉनिटर की जा रही है, और इसे आंतरिक सुरक्षा के साथ–साथ क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भारतीय रेल विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया है, जिनके निर्देशों और समन्वय से यह सर्वे कार्य पुनः गति पकड़ सका। यह रेलमार्ग भविष्य में बस्तर अंचल के लिए सुरक्षा, समावेशन और समृद्धि का प्रतीक बनने जा रहा है।

## सर्जरी द्वारा गाय के पेट से निकाली गई लगभग 80 किलो पॉलीथीन

पिलखा भूमि ▸▸कोंडागांव,



12 जून 2025 कोंडागाँव में बुधवार को एक जटिल चिकित्सा प्रक्रिया के अंतर्गत एक गाय के रूमेन (पेट) से लगभग 80 किलोग्राम पॉलीथीन सफलतापूर्वक निकाली गई। यह सर्जरी पॉलीथीन इम्पैक्शन के कारण की गई, जो कि जानवरों के लिए जानलेवा हो सकती है। यह रूमेनोटोमी सर्जरी उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एम.बी. सिंह के निर्देशन में डॉ. ढालेश्वरी एवं डॉ. दीपिका सिदार द्वारा सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी में सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी अश्विन नेताम एवं खेमराज साहू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। ऑपरेशन के बाद गाय विशेषज्ञों द्वारा विशेष देखरेख में है।

डॉ. ढालेश्वरी ने बताया कि गाय में पॉलीथीन इम्पैक्शन तब होता है जब गायें गलती से पॉलीथीन या प्लास्टिक खा लेती हैं, जो रूमेन (पेट) में जमा होकर पाचन में रुकावट पैदा करता है। इससे गाय में भूख कम होना, जुगाली बंद होना, पेट फूला रहना, वजन घटना और कब्ज जैसी समस्याएँ होती हैं। इसका मुख्य कारण कूड़े के ढेर से चारा खाना है। निदान के लिए रूमेन की जांच और रूमेनोटोमी (सर्जरी) की जाती है। उपचार में सर्जरी से पॉलीथीन हटाकर विटा. मिन, फ्लूइड और रूमेन उत्तेजक दिए जाते हैं। रोकथाम के लिए पॉलीथीन कचरे का सही निपटान और पशुपालकों को जागरूक करना जरूरी है।

पशुपालन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे पॉलीथीन का उपयोग न करें, कूड़ा–कचरा खुले में न फेंकें, और अपने पशुओं को खुले में कचरा खाने से रोकें।

## प्रखर हिन्दूत्ववादी जनसेवक रामनाम की अलख जगाने वाले ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने अपने जन्मदिवस पर शिक्षा को बढावा देने की अनुकरणीय पहल,,

पिलखा भूमि ▸▸सूरजपूर

1 जुलाई 2025 विकासखंड सूरजपुर अंतर्गत छत. रपुर की प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में आज ग्राम वीरपुर निवासी और प्रखर हिंदू वक्ता श्री ठाकुर प्रसाद राजवाड़े के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर को शिक्षा और सामाजिक सेवा से जोड़ते हुए नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों और अभिभावकों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

विशेष बात यह रही कि विद्यालय की प्रधानपाठिका अंजू राजवाड़े जी के आग्रह पर विद्यालय को एक साउंड सिस्टम भी भेंट किया गया, जिसे ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने व्यक्तिगत रूप से प्रदान किया। उन्होंने 109 बच्चों को स्कूल बैग भी वितरित किया, जिससे बच्चों की जरूरतें पूरी होने के साथ–साथ शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ा।

कार्यक्रम में ठाकुर प्रसाद राजवाड़े जी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि ,बच्चों को अपने मूल संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए। हमें भारतीय संस्कृति की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए अपने व्यक्तित्व के हर पहलू में निखार लाने का प्रयास करना चाहिए।



ठाकुर राजवाड़े जी द्वारा आम का पौधा एवं अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा अन्य फल दार पोधो का वृक्षारोपण किया गया

**इस आयोजन में अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से**

महेश्वर पैकरा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा ठाकुर सिंह पैकरा मंडल अध्यक्ष लटोरी,रमेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष भटगांव,

हरीश राजवाड़े मंडल अध्यक्ष शिवनंदनपुर, सत्यनारायण पैकरा मंडल अध्यक्ष ओड़गी, सुनील साहू मंडल अध्यक्ष भैया थान,श्री जगसाय पैकरा मंडल अध्यक्ष बिहारपुर,

सावन गोयल महामंत्री भैयाथान, नूतन विश्वास जिला महिला मोर्चा महामंत्री, अनुराग सिंह, पुनीत पाठक, लटोरी मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल जायसवाल, विजय जायसवाल, हरिलाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष देवसाय पैकरा, बाबूलाल शाह अरुण ठाकुर, महामंत्री शिशुपाल राजवाड़े,सीता जायसवाल, मंत्री वंदना दुबे, कार्यालय प्रभारी विप्लव विश्वास,वरिष्ठ कार्यकर्ता छत्रधारी सिंह, अमरनाथ पैकरा, भजन मानिकपुरी, कैलाश राजवाड़े, विनोद जायसवाल,सुमित्रा राजवाड़े संतरा राजवाड़े,दीपाली दास बिमला यादव, सविता यादव, हेमलता जायसवाल, युवा मोर्चा से सुरेश सोनी पप्पू साहू, उपेंद्र सिंह टेकाम अभय जायसवाल, अंकित जायसवाल, सुरजीत सिंह, सुखदेव यादव, जीतू मा. निकपुरी, दीपेन्द्र दुबे, राजू यादव, त्रिभुवन सिंह, रूपसाय राजवाड़े, छतरपुर के सरपंच घरभरन सिंह एवं गांव के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पंचगण सहित अनेक प्रमुख समाजसेवी उपस्थित रहे।

विद्यालय की प्रधानपाठिका अंजू राजवाड़े और एस. खलखो ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978